Objective of Journalism

पत्रकारिता के उद्देश्य

Presented by

Dr. Archana Bharti

Guest Faculty, MJMC

Sem-1, Paper- 101

Unit 4 (Journalism)

Date- 14/07/2021

पत्रकारिता के उद्देश्य

- वर्तमान समय में पत्रकारिता सिर्फ मुद्रण अथवा प्रिंट तक सीमित नहीं है बल्कि रेडियो, टेलीविजन से होते हुए मोबाइल जर्नलिज्म तक पहुंच चुका है। समय के साथ तकनीकी परिवर्तन के कारण पत्रकारिता के स्वरूप में भी बदलाव हुआ है।
- विश्व की घटनाओं और समाज की गतिविधियों की सूचना को जन–जन तक पहुंचाने का काम पत्रकारिता करता है। यह आम लोगों की समस्याओं और शासन की उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाकर उनमें पारस्परिक सद्भाव जगाने का भी काम करता है।

पत्रकारिता के उद्देश्य

- इसका मुख्य उद्देश्य विकास संबंधी सूचनाओं के द्वारा यह पाठकों, श्रोताओं और दर्शकों को प्रबुद्ध बनाने का कार्य भी करती है।
- पत्रकारिता की विश्वसनीयता तभी बढ़ती है सूचना को वास्तविक रूप में भेजा जाए। आज जिसके पास की दुनिया के बारे में जितनी अधिक नवीनतम सूचना और जानकारी है वह उतना ही शक्तिशाली और समर्थ है।
- पत्रकारिता में सूचना के प्रसार के साथ–साथ इसका उपयोग किस तरह से किया जाता है यह भी महत्वपूर्ण है।

पत्रकारिता के उद्देश्य

- पत्रकारिता का एक महत्वपूर्ण कार्य 'निर्देश देना' भी है। जिस प्रकार संचार के द्वारा दूरवर्ती क्षेत्र तक एक व्यापक जन समुदाय के बीच संदेश और सूचना पहुंचायी जाती है, उसी प्रकार यह निर्देश देने का भी काम करता है। उदाहरण के तौर पर किसी संस्था का प्रमुख अधिकारी अपने अधीन काम करने वाले अधिकारी या कर्मचारी को निर्देश देता है। यह निर्देश मोबाइल फोन से दिए जा सकते हैं और लिखित माध्यम से भी। सरकार भी जनहित के लिए विभिन्न निर्देश पारित करती है।

पत्रकारिता के उद्देश्य

- पत्रकारिता के द्वारा जनसामान्य का मनोरंजन भी होता है। यह सामाजिक तनाव, व्यक्तिगत द्वेष को मिटाकर सबजन हिताय, स्वस्थ मनोरंजन करने का काम भी करता है।
- यह मनोरंजन हमें विभिन्न जन माध्यम के द्वारा मिलता है। जैसे कि– रेडियो, टेलीविजन, फिल्म, कम्प्यूटर, मोबाइल आदि। आज तकनीकी परिवर्तन के कारण सूचना और मनोरंजन के साधन हमारे नजदीक आते जा रहे हैं।
- कई ऐसे माध्यम हैं जो सूचना देने के साथ–साथ मनोरंजन करने का भी काम करते हैं।

पत्रकारिता के उद्देश्य

- पत्रकारिता की आधारभूत इकाई 'विचार विनिमय' भी है। विचार विनिमय में विचारों का पारस्परिक आदान–प्रदान करते हैं और एक–दूसरे के निकट आते हैं।
- विचार विनिमय के दौरान एक–दूसरे को सूचनाएं भी देते हैं। जिससे व्यक्ति उन सूचनाओं से लाभ उठाते हैं। इससे व्यक्तियों के विश्वास में वृद्धि होती है।
- इसमें व्यक्ति यह प्रयास करता है कि वह अपने विचारों, भावनाओं और मतों से दूसरों को प्रभावित कर सकें।

पत्रकारिता के उद्देश्य

- पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य समाज में सामाजिक प्रगति भी लाना है। क्योंकि जब तक समाज की प्रगति नहीं होगी समाज की उन्नति भी नहीं हो सकती। इसलिए निष्पक्ष होकर सकारात्मक संदेश के साथ सूचना का प्रसार करना चाहिए।
- पत्रकारिता के द्वारा शिक्षा का व्यापक प्रचार–प्रसार भी किया जाता है और इसकी व्यापक पहुंच का लाभ उठाया जा सकता है।
- आज डिजिटल तकनीकी की वजह से घर बैठे ऑनलाइन शिक्षा प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही दूरवर्ती क्षेत्र में रेडियो और दूरदर्शन के द्वारा स्कूली बच्चों, नवसाक्षरों को शिक्षा दी जा रही है।
- इसलिए पत्रकारिता जनता तक केवल सूचनाएं ही नहीं देती बल्कि यह लोगों के हितों की भी रक्षा करती है।